झारखंड का पहला कन्वेंशन सेंटर दुमका में बनकर तैयार

चर्चा में क्यों?

9 अक्टूबर, 2022 को झारखंड की उपराजधानी दुमका में सांस्कृतिक कार्यक्रम, बड़े सेमिनार, वर्कशॉप, ट्रेनिंग और परिचर्चा जैसे कार्यक्रम के लिये राज्य का पहला भव्य कन्वेंशन सेंटर **(Convention Center)** बनकर तैयार हो गया है। इसका उद्घाटन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा किया जाएगा।

प्रमुख बिंदु

- दो खंडों में बने इस कन्वेंशन सेंटर के एक हिस्से में 500 लोगों के बैठने की क्षमता वाला ऑडिटोरियम बना है। इसमें अगली तीन पंक्तियों में बेहद ही आरामदायक सोफेनुमा चेयर लगाये गई हैं, जबकि उसके पीछे लगभग दस पंक्तियों में कंफर्टेबल चेयर लगवाई गई हैं।
- इस ऑडिटोरियम में बेहतरीन क्वालिटी का ऑडियो-विजुअल सिस्टम लगाया गया है, ताकि सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आनंद पूरी दर्शकदीर्घा ले सके और कार्यक्रम में किसी तरह का व्यवधान न हो। मंच को खूबसूरत बनाने के लिये उसपर बड़े आकार की स्क्रीन भी लगवाई गई है।
- दूसरे हिस्से को मल्टीपर्पज हॉल का रूप दिया गया है, जिसमें दो-दो बैडमिंटन कोर्ट भी बनाए गए हैं। इस बैडमिंटन कोर्ट में ब्लू कलर की सिंथेटिक फ्लोरिंग सीट लगाई गई है, जिसमें बैडमिंटन के मुकाबले की राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय मानक की प्रतियोगिताएँ आयोजित हो सकेंगी। वहीं इस मल्टीपर्पज हॉल का उपयोग अन्य किसी भी तरह के आयोजन में किया जा सकता है, जिसमें एक हज़ार लोगों की उपस्थिति सुनिश्चित हो सकती है।
- सुविधा के लिये रूफ टॉप सोलर सिस्टम 50 केवीए का लगाया गया है, ताकि बिजली पर निर्भरता न्यूनतम रहे। यहाँ उच्च क्षमता वाली डीजी भी स्थापित की गई है। कन्वेंशन सेंटर व मल्टीपर्पज हॉल, दोनों ही सेंट्रलाइज्ड एयरकंडिशंड हैं। इस तरह की सुविधाओं से सुसज्जित यह झारखंड का पहला कन्वेंशन सेंटर है।
- इस कन्वेंशन सेंटर का निर्माण उद्यान विभाग के एग्रो पार्क में हुआ है। इस एग्रो पार्क की दो एकड़ ज़मीन में बनकर तैयार हुए कन्वेंशन सेंटर के खाली पड़े हिस्से में हार्टिकल्चर का भी काम कराया गया है।
- विदित है कि इस कन्वेंशन सेंटर का निर्माण बीपी कंस्ट्रक्शन रांची ने रिकॉर्ड समय में किया है तथा आर्किटेक्ट कंपनी मॉस एंड वॉयड ने इसकी डिज़ाइन तैयार की है। इसके उद्घाटन होते ही दुमकावासियों को इनडोर स्टेडियम का एक विकल्प मिल जाएगा।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/jharkhand-first-convention-centre-ready-in-dumka